**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 25.09.2024**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में बांदा पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में चलाया गया सघन जागरुकता कार्यक्रम । बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी ।**

**विवरण-** मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी/क्षेत्राधिकारी मिशन शक्ति श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी के नेतृत्व में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के अन्तर्गत स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों, ग्राम सचिवालयों में बालिकाओं/महिलाओं को एकत्रित कर उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है । बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है । आज दिनांक 21.09.2024 को मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी की मिशन शक्ति टीम द्वारा शिवाजी पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंहपुर में, थाना नरैनी की मिशन शक्ति टीम द्वारा कस्बा नरैनी में, थाना बबेरु की मिशन शक्ति टीम द्वारा महर्षि सिद्धनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भदेहदू में, थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम तिन्दवारा में जागरूकता अभियान चलाया गया ।